QB365-Question Bank Software

**Series HRK/1**

**SET-3**

कोड नं.
Code No. **3/1/3**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **16** हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

# संकलित परीक्षा-II
# SUMMATIVE ASSESSMENT-II
# हिन्दी
# HINDI
# (पाठ्यक्रम अ)
# (Course A)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे]* *[ अधिकतम अंक : 90*

*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 90*

***सामान्य निर्देश:***

*(i) इस प्रश्न-पत्र के **चार** खंड हैं- **क, ख, ग** और **घ**।*

*(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।*

*(iii) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए।*

[P.T.O.

QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

## खंड 'क'

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए- 1×5=5

देश की आज़ादी के उनहत्तर वर्ष हो चुके हैं और आज ज़रूरत है अपने भीतर के तर्कप्रिय भारतीयों को जगाने की, पहले नागरिक और फिर उपभोक्ता बनने की। हमारा लोकतंत्र इसलिए बचा है कि हम सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन वह बेहतर इसलिए नहीं बन पाया क्योंकि एक नागरिक के रूप में हम अपनी ज़िम्मेदारियों से भागते रहे हैं। किसी भी लोकतांत्रिक प्रणाली की सफलता जनता की जागरूकता पर ही निर्भर करती है।

एक बहुत बड़े संविधान विशेषज्ञ के अनुसार किसी मंत्री का सबसे प्राथमिक, सबसे पहला जो गुण होना चाहिए वह यह कि वह ईमानदार हो और उसे भ्रष्ट नहीं बनाया जा सके। इतना ही जरूरी नहीं, बल्कि लोग देखें और समझें भी कि यह आदमी ईमानदार है। उन्हें उसकी ईमानदारी में विश्वास भी होना चाहिए। इसलिए कुल मिलाकर हमारे लोकतंत्र की समस्या मूलत: नैतिक समस्या है। संविधान, शासन प्रणाली, दल, निर्वाचन ये सब लोकतंत्र के अनिवार्य अंग हैं। पर जब तक लोगों में नैतिकता की भावना न रहेगी, लोगों का आचार-विचार ठीक न रहेगा तब तक अच्छे से अच्छे संविधान और उत्तम राजनीतिक प्रणाली के बावज़ूद लोकतंत्र ठीक से काम नहीं कर सकता। स्पष्ट है कि लोकतंत्र की भावना को जगाने व संवर्द्धित करने के लिए आधार प्रस्तुत करने की ज़िम्मेदारी राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक है।

आज़ादी और लोकतंत्र के साथ जुड़े सपनों को साकार करना है, तो सबसे पहले जनता को स्वयं जाग्रत होना होगा। जब तक स्वयं जनता का नेतृत्व पैदा नहीं होता, तब तक कोई भी लोकतंत्र सफलतापूर्वक नहीं चल सकता। सारी दुनिया में एक भी देश का उदाहरण ऐसा नहीं मिलेगा जिसका उत्थान केवल राज्य की शक्ति द्वारा हुआ हो। कोई भी राज्य बिना लोगों की शक्ति के आगे नहीं बढ़ सकता।



QB365-Question Bank Software

(क) लगभग 70 वर्ष की आजादी के बाद नागरिकों से लेखक की अपेक्षाएँ हैं कि वे :

(i) समझदार हों

(ii) प्रश्न करने वाले हों

(iii) जगी हुई युवा पीढ़ी के हों

(iv) मजबूत सरकार चाहने वाले हों

(ख) हमारे लोकतांत्रिक देश में अभाव है :

(i) सौहार्द का

(ii) सद्भावना का

(iii) जिम्मेदार नागरिकों का

(iv) एकमत पार्टी का

(ग) किसी मंत्री की विशेषता होनी चाहिए :

(i) देश की बागडोर सँभालनेवाला

(ii) मिलनसार और समझदार

(iii) सुशिक्षित और धनवान

(iv) ईमानदार और विश्वसनीय

(घ) किसी भी लोकतंत्र की सफलता निर्भर करती है :

(i) लोगों में स्वयं ही नेतृत्व भावना हो

(ii) सत्ता पर पूरा विश्वास हो

(iii) देश और देशवासियों से प्यार हो

(iv) समाज–सुधारकों पर भरोसा हो

(ङ) लोकतंत्र की भावना को जगाना–बढ़ाना दायित्व है :

(i) राजनीतिक

(ii) प्रशासनिक

(iii) सामाजिक

(iv) संवैधानिक

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए– 1×5=5

गीता के इस उपदेश की लोग प्राय: चर्चा करते हैं कि कर्म करें, फल की इच्छा न करें। यह कहना तो सरल है पर पालन उतना सरल नहीं। कर्म के मार्ग पर आनन्दपूर्वक चलता हुआ उत्साही मनुष्य यदि अन्तिम फल तक न भी पहुँचे तो भी उसकी दशा कर्म न करने वाले की अपेक्षा अधिकतर अवस्थाओं में अच्छी रहेगी, क्योंकि एक तो कर्म करते हुए उसका जो जीवन बीता वह संतोष या आनन्द में बीता, उसके उपरांत फल की अप्राप्ति पर भी उसे यह पछतावा न रहा कि मैंने प्रयत्न नहीं किया। फल पहले से कोई बना–बनाया पदार्थ नहीं होता। अनुकूल प्रयत्न–कर्म के अनुसार, उसके एक–एक अंग की योजना होती है। किसी मनुष्य के घर का कोई प्राणी बीमार है। वह वैद्यों के यहाँ से जब तक औषधि ला–लाकर रोगी को देता जाता है तब तक उसके चित्त में जो संतोष रहता है, प्रत्येक नए उपचार के साथ जो आनन्द का उन्मेष होता रहता है– यह उसे कदापि न प्राप्त होता, यदि वह रोता हुआ बैठा रहता। प्रयत्न की अवस्था में उसके जीवन का जितना अंश संतोष, आशा और उत्साह में बीता, अप्रयत्न की दशा में उतना ही अंश केवल शोक और दुख में कटता। इसके अतिरिक्त रोगी के न अच्छे होने की दशा में भी वह आत्म–ग्लानि के उस कठोर दुख से बचा रहेगा जो उसे जीवन भर यह सोच–सोच कर होता कि मैंने पूरा प्रयत्न नहीं किया।

कर्म में आनन्द अनुभव करने वालों का नाम ही कर्मण्य है। धर्म और उदारता के उच्च कर्मों के विधान में ही एक ऐसा दिव्य आनन्द भरा रहता है कि कर्ता को वे कर्म ही फल–स्वरूप लगते हैं। अत्याचार का दमन और शमन करते हुए कर्म करने से चित्त में जो तुष्टि होती है वही लोकोपकारी कर्मवीर का सच्चा सुख है।

(क) कर्म करने वाले को फल न मिलने पर भी पछतावा नहीं होता क्योंकि :

(i) अंतिम फल पहुँच से दूर होता है

(ii) प्रयत्न न करने का भी पश्चाताप नहीं होता

(iii) वह आनन्दपूर्वक काम करता रहता है

(iv) उसका जीवन संतुष्ट रूप से बीतता है

(ख) घर के बीमार सदस्य का उदाहरण क्यों दिया गया है?

(i) पारिवारिक कष्ट बताने के लिए

(ii) नया उपचार बताने के लिए

(iii) शोक और दुख की अवस्था के लिए

(iv) सेवा के संतोष के लिए

(ग) 'कर्मण्य' किसे कहा गया है?

(i) जो काम करता है

(ii) जो दूसरों से काम करवाता है

(iii) जो काम करने में आनन्द पाता है

(iv) जो उच्च और पवित्र कर्म करता है



QB365-Question Bank Software

(घ) कर्मवीर का सुख किसे माना गया है :

(i) अत्याचार का दमन

(ii) कर्म करते रहना

(iii) कर्म करने से प्राप्त संतोष

(iv) फल के प्रति तिरस्कार भावना

(ङ) गीता के किस उपदेश की ओर संकेत है :

(i) कर्म करें तो फल मिलेगा

(ii) कर्म की बात करना सरल है

(iii) कर्म करने से संतोष होता है

(iv) कर्म करें फल की चिंता नहीं

3. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए– 1×5=5

नदी में नदी का अपना कुछ भी नहीं
जो कुछ है
सब पानी का है।
जैसे पोथियों में उनका अपना
कुछ नहीं होता
कुछ अक्षरों का होता है
कुछ ध्वनियों और शब्दों का
कुछ पेड़ों का कुछ धागों का

कुछ कवियों का
जैसे चूल्हे में चूल्हे का अपना
कुछ भी नहीं होता
न जलावन, न आँच, न राख
जैसे दीये में दीये का
न रुई, न उसकी बाती
न तेल न आग न दियली
वैसे ही नदी में नदी का
अपना कुछ नहीं होता।
नदी न कहीं आती है न जाती है
वह तो पृथ्वी के साथ
सतत पानी–पानी गाती है।
नदी और कुछ नहीं
पानी की कहानी है
जो बूँदों से सुन कर बादलों को सुनानी है।

(क) कवि ने ऐसा क्यों कहा कि नदी का अपना कुछ भी नहीं सब पानी का है।

(i) नदी का अस्तित्व ही पानी से है

(ii) पानी का महत्व नदी से ज्यादा है

(iii) ये नदी का बड़प्पन है

(iv) नदी की सोच व्यापक है



QB365-Question Bank Software

(ख) पुस्तक–निर्माण के संदर्भ में कौन–सा कथन सही **नहीं** है–

(i) ध्वनियों और शब्दों का महत्व है

(ii) पेड़ों और धागों का योगदान होता है

(iii) कवियों की कलम उसे नाम देती है

(iv) पुस्तकालय उसे सुरक्षा प्रदान करता है

(ग) कवि, पोथी, चूल्हे आदि उदाहरण क्यों दिए गए हैं?

(i) इन सभी के बहुत से मददगार हैं

(ii) हमारा अपना कुछ नहीं

(iii) उन्होंने उदारता से अपनी बात कही है

(iv) नदी की कमजोरी को दर्शाया है

(घ) नदी की स्थिरता की बात कौन–सी पंक्ति में कही गई है?

(i) नदी में नदी का अपना कुछ भी नहीं

(ii) वह तो पृथ्वी के साथ सतत पानी–पानी गाती है

(iii) नदी न कहीं आती है न जाती है

(iv) जो कुछ है सब पानी का है

(ङ) बूँदें बादलों से क्या कहना चाहती होंगी?

(i) सूखी नदी और प्यासी धरती की पुकार

(ii) भूखे–प्यासे बच्चों की कहानी

(iii) पानी की कहानी

(iv) नदी की खुशियों की कहानी

**4.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए– 1×5=5

सूख रहा है समय
इसके हिस्से की रेत
उड़ रही है आसमान में
सूख रहा है
आँगन में रखा पानी का गिलास
पँखुरी की साँस सूख रही है
जो सुंदर चोंच मीठे गीत सुनाती थी
उससे अब हाँफने की आवाज आती है
हर पौधा सूख रहा है
हर नदी इतिहास हो रही है
हर तालाब का सिमट रहा है कोना
यही एक मनुष्य का कंठ सूख रहा है
वह जेब से निकालता है पैसे और
खरीद रहा है बोतल बंद पानी
बाकी जीव क्या करेंगे अब
न उनके पास जेब है न बोतल बंद पानी।

(क) 'सूख रहा है समय' कथन का आशय है :

(i) गर्मी बढ़ रही है

(ii) जीवनमूल्य समाप्त हो रहे हैं

(iii) फूल मुरझाने लगे हैं

(iv) नदियाँ सूखने लगी हैं

(ख) हर नदी के इतिहास होने का तात्पर्य है–

(i) नदियों के नाम इतिहास में लिखे जा रहे हैं

(ii) नदियों का अस्तित्व समाप्त होता जा रहा है

(iii) नदियों का इतिहास रोचक है

(iv) लोगों को नदियों की जानकारी नहीं है

(ग) ‘‘पँखुरी की साँस सूख रही है

जो सुंदर चोंच मीठे गीत सुनाती थी’’

ऐसी परिस्थिति किस कारण उत्पन्न हुई?

(i) मौसम बदल रहे हैं

(ii) अब पक्षी के पास सुंदर चोंच नहीं रही

(iii) पतझड़ के कारण पत्तियाँ सूख रही थीं

(iv) अब प्रकृति की ओर कोई ध्यान नहीं देता

(घ) कवि के दर्द का कारण है :

(i) पँखुरी की साँस सूख रही है

(ii) पक्षी हाँफ रहा है

(iii) मानव का कंठ सूख रहा है

(iv) प्रकृति पर संकट मँडरा रहा है

(ङ) ‘बाकी जीव क्या करेंगे अब’ कथन में व्यंग्य है :

(i) जीव मनुष्य की सहायता नहीं कर सकते

(ii) जीवों के पास अपने बचाव के कृत्रिम उपाय नहीं हैं

(iii) जीव निराश और हताश बैठे हैं

(iv) जीवों के बचने की कोई उम्मीद नहीं रही

QB365-Question Bank Software

## खंड 'ख'

**5.** निर्देशानुसार उत्तर दीजिए– 1×3=3

(क) मैंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के अभावग्रस्त जीवन के बारे में मैं सब जानती हूँ।

(आश्रित उपवाक्य छाँटकर उसका भेद भी लिखिए)

(ख) सीधा-सादा किसान सुभाष पालेकर अपनी नेचुरल फार्मिंग से कृषि के क्षेत्र में क्रांति ला रहा है।

(मिश्र वाक्य में बदलिए)

(ग) अपने उत्पाद को सीधे ग्राहक को बेचने के कारण किसान को दुगुनी कीमत मिलती है।

(संयुक्त वाक्य में बदलिए)

**6.** निर्देशानुसार वाच्य परिवर्तित कीजिए– 1×4=4

(क) मैनाओं ने गीत सुनाया। (कर्मवाच्य में)

(ख) माँ अभी भी खड़ी नहीं हो पाती। (भाववाच्य में)

(ग) बीमारी के कारण उससे उठा नहीं जाता। (कर्तृवाच्य में)

(घ) क्या अब चला जाए? (कर्तृवाच्य में)

**7.** रेखांकित पदों का पद-परिचय दीजिए– 1×4=4

<u>मानव</u> <u>सभ्य</u> तभी है जब <u>वह</u> युद्ध से शांति की ओर आगे <u>बढ़े</u>।



QB365-Question Bank Software

**8.** (क) काव्यांश पढ़कर रस पहचानकर लिखिए– 1×2=2

(i) साक्षी रहे संसार करता हूँ प्रतिज्ञा पार्थ मैं,
पूरा करूँगा कार्य सब कथनानुसार यथार्थ मैं।
जो एक बालक को कपट से मार हँसते हैं अभी,
वे शत्रु सत्वर शोक-सागर-मग्न दीखेंगे सभी।

(ii) साथ दो बच्चे भी हैं सदा हाथ फैलाए,
बायें से वे मलते हुए पेट को चलते,
और दाहिना दया दृष्टि-पाने की ओर बढ़ाए।

(ख) (i) निम्नलिखित काव्यांश में कौन-सा स्थायी भाव है? 1

जसुमति मन अभिलाष करै
कब मेरो लाल घुटुरुवनि रैंगै, कब धरनी पग द्वेक धरै।

(ii) करुण रस का स्थायी भाव लिखिए। 1

## खंड 'ग'

**9.** निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

भवभूति और कालिदास आदि के नाटक जिस ज़माने के हैं उस ज़माने में शिक्षितों का समस्त समुदाय संस्कृत ही बोलता था, इसका प्रमाण पहले कोई दे ले तब प्राकृत बोलने वाली स्त्रियों को अपढ़ बताने का साहस करे। इसका क्या सबूत कि उस ज़माने में बोलचाल की भाषा प्राकृत न थी? सबूत तो प्राकृत के चलने के ही मिलते हैं। प्राकृत यदि उस समय की प्रचलित भाषा न होती तो बौद्धों तथा जैनों के हज़ारों ग्रंथ उसमें क्यों

लिखे जाते, और भगवान शाक्य मुनि तथा उनके चेले प्राकृत ही में क्यों धर्मोपदेश देते? बौद्धों के त्रिपिटक ग्रंथ की रचना प्राकृत में किए जाने का एकमात्र कारण यही है कि उस ज़माने में प्राकृत ही सर्वसाधारण की भाषा थी। अतएव प्राकृत बोलना और लिखना अपढ़ और अशिक्षित होने का चिह्न नहीं।

(क) नाटककारों के समय में प्राकृत ही प्रचलित भाषा थी–लेखक ने इस संबंध में क्या तर्क दिए हैं? दो का उल्लेख कीजिए। 2

(ख) प्राकृत बोलने वाले को अपढ़ बताना अनुचित क्यों है? 2

(ग) भवभूति–कालिदास कौन थे? 1

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए– 2×5=10

(क) मन्नू भंडारी ने अपने पिताजी के बारे में इंदौर के दिनों की क्या जानकारी दी?

(ख) मन्नू भंडारी की माँ धैर्य और सहनशक्ति में धरती से कुछ ज्यादा ही थीं–ऐसा क्यों कहा गया?

(ग) उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ को बालाजी के मंदिर का कौन–सा रास्ता प्रिय था और क्यों?

(घ) संस्कृति कब असंस्कृति हो जाती है और असंस्कृति से कैसे बचा जा सकता है?

(ङ) कैसा आदमी निठल्ला नहीं बैठ सकता? 'संस्कृति' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।



QB365-Question Bank Software

**11.** निम्नलिखित काव्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से
गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में
खो चुका होता है
या अपनी ही सरगम को लाँघकर
चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में
तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है
जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान
जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन
जब वह नौसिखिया था।

(क) 'वह अपनी गूँज मिलाता आया है प्राचीन काल से' का भाव स्पष्ट कीजिए। 2

(ख) मुख्य गायक के अंतरे की जटिल-तान में खो जाने पर संगतकार क्या करता है? 2

(ग) संगतकार, मुख्य गायक को क्या याद दिलाता है? 1

**12.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए– 2×5=10

(क) 'लड़की जैसी दिखाई मत देना' यह आचरण अब बदलने लगा है– इस पर अपने विचार लिखिए।

(ख) बेटी को 'अंतिम पूँजी' क्यों कहा गया है?

(ग) 'दुविधा-हत साहस है, दिखता है पंथ नहीं' कथन में किस यथार्थ का चित्रण है?

(घ) 'बहु धनुही तोरी लरिकाईं'– यह किसने कहा और क्यों?

(ङ) लक्ष्मण ने शूरवीरों के क्या गुण बताए हैं।

**13.** 'जल-संरक्षण' से आप क्या समझते हैं? हमें जल-संरक्षण को गंभीरता से लेना चाहिए, क्यों और किस प्रकार? जीवनमूल्यों की दृष्टि से जल-संरक्षण पर चर्चा कीजिए। 5

## खंड 'घ'

**14.** निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 250 शब्दों में निबंध लिखिए- 10

(क) हम होंगे कामयाब

- कामयाबी का अर्थ
- कर्मठ व्यक्ति
- आत्मविश्वासी और दृढ़निश्चय

(ख) शिक्षा-व्यवस्था

- वर्तमान शिक्षा-प्रणाली
- सुधार अपेक्षित
- वांछनीय शिक्षा-व्यवस्था

(ग) स्मार्ट फोन

- स्मार्ट फोन की दुनिया
- मोबाइल संपत्ति और विपत्ति दोनों रूप में
- स्वास्थ्य पर पड़ता प्रभाव

**15.** अपनी बहन को पत्र लिखकर योगासन करने के लिए प्रेरित कीजिए। 5



QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

**अथवा**

किसी महिला के साथ बस में हुए अभद्र व्यवहार को रोकने में बस कंडक्टर के साहस और कर्तव्यपरायणता की प्रशंसा करते हुए परिवहन विभाग के प्रबंधक को पत्र लिखिए।

**16.** निम्नलिखित गद्यांश का शीर्षक लिखकर एक–तिहाई शब्दों में सार लिखिए : 5

संतोष करना वर्तमान काल की सामयिक आवश्यक प्रासंगिकता है। संतोष का शाब्दिक अर्थ है 'मन की वह वृत्ति या अवस्था जिसमें अपनी वर्तमान दशा में ही मनुष्य पूर्ण सुख अनुभव करता है।' भारतीय मनीषा ने जिस प्रकार संतोष करने के लिए हमें सीख दी है उसी तरह असंतोष करने के लिए भी कहा है। चाणक्य के अनुसार हमें इन तीन उपक्रमों में संतोष नहीं करना चाहिए। जैसे विद्यार्जन में कभी संतोष नहीं करना चाहिए कि बस, बहुत ज्ञान अर्जित कर लिया। इसी तरह जप और दान करने में भी संतोष नहीं करना चाहिए। वैसे संतोष करने के लिए तो कहा गया है– 'जब आवे संतोष धन, सब धन धूरि समान।' 'हमें जो प्राप्त हो उसमें ही संतोष करना चाहिए।' 'साधु इतना दीजिए, जामे कुटुंब समाय, मैं भी भूखा न रहूँ, साधु न भूखा जाए।' संतोष सबसे बड़ा धन है। जीवन में संतोष रहा, शुद्ध–सात्विक आचरण और शुचिता का भाव रहा तो हमारे मन के सभी विकार दूर हो जाएँगे और हमारे अंदर सत्य, निष्ठा, प्रेम, उदारता, दया और आत्मीयता की गंगा बहने लगेगी। आज के मनुष्य की सांसारिकता में बढ़ती लिप्तता, वैश्विक बाजारवाद और भौतिकता की चकाचौंध के कारण संत्रास, कुंठा और असंतोष दिन–प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इसी असंतोष को दूर करने के लिए संतोषी बनना आवश्यक हो गया है। सुखी और शांतिपूर्ण जीवन के लिए संतोष सफल औषधि है।



QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software



# सैकेंडरी स्कूल परीक्षा

## मार्च – 2017

## अंक-योजना – हिंदी ('अ') कोड संख्या 3/1/1, 2, 3

सामान्य निर्देश : मूल्यांकन करते समय कृपया निम्नलिखित निर्देशों के प्रति सावधानी बरतिए।

**<u>विशेष निर्देश</u> :**

**माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशानुसार परीक्षार्थी तय शुल्क देकर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त कर सकते हैं। परीक्षक यह सुनिश्चित करें कि उन्हें प्रत्येक प्रश्न की अंक योजना के अनुसार ही उत्तर का मूल्यांकन करना है।**

1. बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर में यदि विद्यार्थी पूरे विकल्प (वाक्य/वाक्यांश/शब्द) को न लिखकर केवल (क)/(ख) इत्यादि उपयुक्त विकल्प ही लिखें तो उसे भी स्वीकारें ।
2. अंक योजना का उद्देश्य मूल्यांकन को अधिकाधिक वस्तुनिष्ठ बनाना है। अंक-योजना में दिए गए उत्तर-बिंदु अंतिम नहीं हैं। ये सुझावात्मक एवं सांकेतिक हैं। यदि परीक्षार्थी ने इनसे भिन्न, किंतु उपयुक्त उत्तर दिए हैं तो उसे उपयुक्त अंक दिए जाएँ।
3. परीक्षकों के साथ जब तक प्रथम दिन वैयक्तिक अथवा सामूहिक रूप से अंक-योजना पर भली-भाँति विचार-विनिमय नहीं हो जाता तब तक मूल्यांकन आरंभ न कराया जाए।
4. मूल्यांकन-कार्य अपनी निजी व्याख्या के अनुसार नहीं, बल्कि अंक-योजना में निर्दिष्ट निर्देशानुसार ही किया जाए।
5. प्रश्न के उपभागों के उत्तरों पर दाईं ओर अंक दिए जाएँ, बाद में उपभागों के इन अंकों का योग बाईं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए।
6. यदि प्रश्न का कोई उपभाग नहीं है तो उस पर बाईं ओर ही अंक दिए जाएँ।
7. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर भी लिख दिया है तो जहाँ प्रश्न को पहले हल किया गया है उस पर अंक दें और बाद में किए हुए को काट दें।
8. संक्षिप्त किंतु उपयुक्त विवेचन के साथ प्रस्तुत किया गया बिंदुवार उत्तर विस्तृत विवेचन की अपेक्षा अच्छा माना जाएगा। ऐसे उत्तरों को उचित महत्त्व देने की अपेक्षा है।
9. एक ही प्रकार की अशुद्धि पर अंक न काटें।
10. शब्द-सीमा से अधिक शब्द होने पर भी अंक न काटे जाएँ।
11. प्राय: यह प्रवृत्ति देखी जाती है कि परीक्षक सहानुभूति में 30 % अंक प्राप्त करने वाले परीक्षार्थी को 33 % अंक देकर उत्तीर्ण कर देते है, या कहीं एक अंक केवल इस आधार पर काट लेते है कि पूरे अंक नहीं दिए जा सकते। यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने - 0 से 90 का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात् परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे 90 अंक दिए जाने चाहिए।
12. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय यदि कोई उत्तर पूर्णत: गलत मिलता है तो उस उत्तर पर गलत (✕) चिह्नित कर शून्य अंक दिए जाएँ।

QB365-Question Bank Software

QB365-Question Bank Software

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड - 'क'** | |
| 1 | 1 (क) | 2 (क) | 1 (क) | (ii) | 1 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | (iii) | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | (iv) | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | (i) | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | (iii) | 1<br>**5** |
| 2 | 2 (क) | 1 (क) | 2 (क) | (ii) | 1 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | (iv) | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | (iii) | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | (iii) | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | (iv) | 1<br>**5** |



QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| 3 | 3 | 3 | 4 | | |
| | (क) | (क) | (क) | (ii) | 1 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | (ii) | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | (iv) | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | (iv) | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | (iv) | 1 |
| | | | | | **5** |
| 4 | 4 | 4 | 3 | | |
| | (क) | (क) | (क) | (i) | 1 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | (iv) | 1 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | (ii) | 1 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | (iii) | 1 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | (iii) | 1 |
| | | | | | **5** |

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड – 'ख'** | |
| 5 | 5 | – | – | | |
| | (क) | – | – | जिन्हें हम कोशिश करके पा सकते हैं – विशेषण आश्रित उपवाक्य | ½+½=1 |
| | (ख) | – | – | मोहनदास और गोकुलदास सामान निकालते थे और बाहर रखते जाते थे। | 1 |
| | (ग) | – | – | जब हमें स्वयं करना पड़ा तब पसीने छूट गए। | 1<br>**3** |
| | – | 5 | – | | |
| | – | (क) | – | जब हमारा देश विश्वशक्ति होगा। – क्रियाविशेषण आश्रित उपवाक्य | ½+½=1 |
| | – | (ख) | – | वे घर से दूर थे इसलिए उदास थे। | 1 |
| | – | (ग) | – | बच्चों के उतावले होने पर कस्तूरबा की आशंकाएँ भीतर उसे खरोंच रही थीं। | 1<br>**3** |
| | – | – | 5 | | |
| | – | – | (क) | कि स्वतंत्रता सेनानियों के अभावग्रस्त जीवन के बारे में मैं सब जानती हूँ। – संज्ञा आश्रित उपवाक्य | ½+½=1 |
| | – | – | (ख) | सुभाष पालेकर सीधा-सादा किसान है जो अपनी नेचुरल फार्मिंग से कृषि के क्षेत्र में क्रांति ला रहा है / | |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | सुभाष पालेकर जो सीधा-सादा किसान है अपनी नेचुरल फार्मिंग से कृषि के क्षेत्र में क्रांति ला रहा है। | 1 |
| | – | – | (ग) | किसान अपने उत्पाद को सीधे ग्राहक को बेचता है इसलिए उसे दुगुनी कीमत मिलती है। | 1<br>**3** |
| 6 | 6 | – | – | | |
| | (क) | – | – | कूजन कुंज में आसपास के पक्षियों द्वारा / के द्वारा संगीत का अभ्यास किया जाता है। | 1 |
| | (ख) | – | – | श्यामा सुबह-दोपहर के राग बखूबी गाती है। | 1 |
| | (ग) | – | – | दर्द के कारण उससे चला नहीं जाता / जा सकता। | 1 |
| | (घ) | – | – | श्यामा के गीत की तुलना बुलबुल के सुगम संगीत से करते हैं / करती / करता है /<br>श्यामा के गीत की तुलना बुलबुल के सुगम संगीत से होती है। | 1<br>**4** |
| | – | 6 | – | | |
| | – | (क) | – | बुलबुल द्वारा / के द्वारा रात्रि विश्राम अमरूद की डाल पर किया जाता है। | 1 |
| | – | (ख) | – | कुछ छोटे भूरे पक्षी मंच सँभाल लेते हैं। | 1 |

QB365-Question Bank Software



| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | – | (ग) | – | उससे / उसके द्वारा रातभर कैसे जागा जाएगा। | 1 |
| | – | (घ) | – | इसके द्वारा सात सुरों को गज़ब की विविधता के साथ प्रस्तुत किया गया। | 1<br>4 |
| | – | – | 6 | | |
| | – | – | (क) | मैनाओं द्वारा / के द्वारा गीत सुनाया गया। | 1 |
| | – | – | (ख) | माँ से अभी भी खड़ा नहीं हुआ जाता / जा सकता। | 1 |
| | – | – | (ग) | बीमारी के कारण वह उठ नहीं सकता / पाता।<br>या<br>बीमारी के कारण वह नहीं उठता। | 1 |
| | – | – | (घ) | क्या अब चलें! | 1<br>4 |
| 7 | 7 | – | – | • **सही व्याकरणिक कोटि के लिए ½ अंक दें।**<br>• **अन्य किसी एक बिंदु के लिए ½ अंक दें।**<br>सुभाष पालेकर – संज्ञा, व्यक्तिवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक, 'दी है' क्रिया का कर्ता<br>प्राकृतिक – विशेषण, गुणवाचक, 'खेती' विशेष्य, एकवचन, स्त्रीलिंग | ½+½=1<br>½+½=1 |



QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | जानकारी – संज्ञा, भाववाचक, स्त्रीलिंग, एकवचन, कर्म कारक, 'दी है' क्रिया से संबंधित<br>दी है – क्रिया, सकर्मक, एकवचन, स्त्रीलिंग, वर्तमान काल, कर्तृवाच्य | ½+½=1<br>½+½=1<br>**4** |
| | – | 7 | – | • **सही व्याकरणिक कोटि के लिए ½ अंक दें।**<br>• **अन्य किसी एक बिंदु के लिए ½ अंक दें।**<br>(किन्हीं **चार** पदों के व्याकरणिक परिचय पर पूरे अंक दें।)<br>हिंदुस्तान – संज्ञा, व्यक्तिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता, 'है' क्रिया का कर्ता<br>आपने – सर्वनाम, पुरुषवाचक, एकवचन/बहुवचन, कर्ता कारक, 'समझ रखा है' क्रिया से संबंधित, पुल्लिंग/स्त्रीलिंग<br>लेकिन – अव्यय, समुच्चयबोधक, समानाधिकरण<br>वह – सर्वनाम, पुरुषवाचक, निश्चयवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक, 'है' क्रिया का कर्ता।<br>बहुत – अव्यय, क्रियाविशेषण, परिमाणवाचक, 'है' क्रिया से संबंधित | ½+½=1<br>½+½=1<br>½+½=1<br>½+½=1<br>½+½=1<br>**4** |
| | – | – | 7 | • **सही व्याकरणिक कोटि के लिए ½ अंक दें।**<br>• **अन्य किसी एक बिंदु के लिए ½ अंक दें।**<br>मानव – संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, कर्ता कारक, 'है' क्रिया का कर्ता | ½+½=1 |

QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | सभ्य – विशेषण, गुणवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, विशेष्य 'मानव' | ½+½=1 |
| | | | | वह – सर्वनाम, पुरुषवाचक, पुल्लिंग, एकवचन, कर्ता कारक, 'बढ़े' क्रिया का कर्ता | ½+½=1 |
| | | | | बढ़े – क्रिया, अकर्मक, एकवचन, पुल्लिंग, कर्तृवाच्य, 'वह' कर्ता से संबंधित | ½+½=1 |
| | | | | | 4 |
| 8 | 8 (क) | 8 (क) | 8 (क) | | |
| | (i) | (i) | (i) | रौद्र रस | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | करुण रस | 1 |
| | (ख) | | | | |
| | (i) | – | – | वात्सल्य | 1 |
| | (ii) | – | – | रति | 1 |
| | | | | | 4 |
| | | (ख) | | | |
| | – | (i) | – | वात्सल्य | 1 |
| | – | (ii) | – | उत्साह | 1 |
| | | | | | 4 |
| | | | (ख) | | |
| | – | – | (i) | वात्सल्य | 1 |
| | – | – | (ii) | शोक / करुणा | 1 |
| | | | | | 4 |



QB365-Question Bank Software

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर–संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड – 'ग'** | |
| 9 | 9 (क) | 9 (क) | 9 (क) | • बौद्धों और जैनों के हजारों ग्रंथ प्राकृत में लिखे गए हैं।<br>• भगवान शाक्य मुनि और उनके शिष्य प्राकृत में धर्म का उपदेश देते थे।<br>• बौद्धों के त्रिपिटक ग्रंथों की रचना प्राकृत में ही की गई है।<br>(कोई दो उपयुक्त तर्क स्वीकार्य) | 1+1=2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • जनसाधारण के बोलचाल की भाषा का प्रयोग अपढ़ होने का प्रमाण नहीं<br>• प्राकृत में हज़ारों ग्रंथ, धर्मोपदेश का माध्यम | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | संस्कृत के प्रसिद्ध कवि / नाटककार | 1<br>**5** |
| 10 | 10 (क) | 10 (क) | 10 (क) | • इंदौर के प्रतिष्ठित व्यक्तियों में एक थे।<br>• राजनीति और समाज सुधार से जुड़े थे।<br>• दरियादिल होने के कारण 8–10 विद्यार्थियों को घर पर रख कर पढ़ाते थे।<br>• एक तरफ कोमल और संवेदनशील थे तो दूसरी तरफ क्रोधी और अहंवादी थे।<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |



QB365-Question Bank Software

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा - दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक - विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • दिनभर पति और बच्चों की हर उचित-अनुचित इच्छापूर्ति में संलग्न<br>• कभी विरोध और शिकायत नहीं करती थीं।<br>• पति की ज्यादतियों को प्राप्य मानकर स्वीकार करती थीं।<br>(किन्हीं दो बिंदुओं का उल्लेख अपेक्षित) | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | • रसूलनबाई और बतूलनबाई के निवास स्थान होकर जाने वाला रास्ता<br>• उनकी मधुर गायकी से आकर्षित व प्रभावित होने के कारण | 1+1=2 |
| | (घ) | (घ) | (घ) | • जब संस्कृति का कल्याण की भावना से संबंध टूट जाता है।<br>• मानव कल्याण के उद्देश्य को न भूलकर | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | • वास्तविक अर्थों मे संस्कृत व्यक्ति<br>• भौतिक सुविधाएँ होने के बावजूद ज्ञान की इच्छा रखने वाला व्यक्ति | 1+1=2<br>10 |
| 11 | 11 (क) | 11 (क) | 11 (क) | संगतकार प्राचीन काल से ही मुख्य गायक का साथ देता आया है। | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | स्थायी को सँभाले रखकर मुख्य गायक को मूल स्वर पर वापस लौटने में मदद करता है। | 2 |

अंक-योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | (ग) | (ग) | (ग) | उसका बचपन, जब वह नौसिखिया था। | 1<br>5 |
| 12 | 12<br>(क) | 12<br>(क) | 12<br>(क) | छात्रों के उपयुक्त उत्तर पर पूरे अंक दें। | 2 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | • बेटी माँ के सबसे निकट होती है, सुख-दुख की साथी होती है।<br>• बेटी के जाने के बाद उसका जीवन रिक्त हो जाएगा। | 1+1=2 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | दुविधाग्रस्त होने पर साहस नष्ट हो जाता है और कोई मार्ग नहीं सूझता। | 2 |
| | (घ) | (घ) | घ) | लक्ष्मण ने ;<br>धनुष टूटने पर परशुराम के क्रोध को अनावश्यक बताते हुए और उनका उपहास करते हुए | 1+1=2 |
| | (ङ) | (ङ) | (ङ) | • युद्ध में शत्रु के समक्ष वीरता का प्रदर्शन करते हैं।<br>• अपनी वीरता का बखान नहीं करते। | 1+1=2<br>10 |
| 13 | 13 | 13 | 13 | (छात्रों के मतानुसार तर्कपूर्ण उत्तर स्वीकार्य) | 5 |

अंक–योजना मार्च, 2017

प्रश्न पत्र संकलित परीक्षा II 3/1/1, 2, 3

विषय : हिंदी (पाठ्यक्रम 'अ') कक्षा – दसवीं

| प्रश्न | प्रश्न पत्र गुच्छ सं. | | | उत्तर-संकेत / मूल्य बिंदु | अंक और अंक – विभाजन |
|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | | |
| | | | | **खंड – 'घ'** | |
| 14 | 14 | 14 | 14 | निबंध–लेखन | |
| | | | | • प्रारंभ और समापन | 2 |
| | | | | • विषय–वस्तु (चार बिंदु अपेक्षित) | 6 |
| | | | | • प्रस्तुति और भाषा | 2 |
| | | | | | **10** |
| 15 | 15 | 15 | 15 | पत्र–लेखन | |
| | | | | • प्रारूप / औपचारिकताएँ | 1 |
| | | | | • विषय–सामग्री | 3 |
| | | | | • भाषा | 1 |
| | | | | | **5** |
| 16 | 16 | 16 | 16 | सार–लेखन | |
| | | | | • शीर्षक | 1 |
| | | | | • उपयुक्त सार (लगभग एक तिहाई शब्दों में) | 4 |
| | | | | | **5** |